# बाल विवाह रोकथाम अभियान तेज

## ■ दूसरे दिन 279 छात्र-छात्राओं को किया गया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के दृष्टिगत जनपद पौड़ी गढ़वाल में व्यापक जनजागरुकता अभियान तेज कर दिया गया है। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति तथा चाइल्डलाइन-1098 के संयुक्त तत्वावधान में यह अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत दूसरे दिन भी जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रही। विकासखंड यमकेश्वर एवं पाबौ क्षेत्र के विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 279 छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

विकासखंड यमकेश्वर के राजकीय इंटर कॉलेज, भृगुखाल में आयोजित कार्यक्रम में 209 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बाल विवाह के दुष्प्रभावों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीरज कुमार बमराड़ा, हेमन्ती नन्दन भट्ट, थाना प्रभारी अमित कुमार, चंद्रा प्रसाद, कपिल रतूड़ी एवं शकुंतला देवी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में विकासखंड पाबौ के राजकीय इंटर कॉलेज, चोपड्यूं में आयोजित कार्यक्रम में 70 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस दौरान बाल विवाह के सामा. जिक, मानसिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गयी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में जानकारी देकर बच्चों को आपात स्थिति में सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रमेश चंद्र गुसाईं, जिला बाल कल्याण समिति सदस्य गंगोत्री नेगी, जिला बाल संरक्षण इकाई से निखिल डेविड विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, पूजा असवाल काउं. सलर एवं पैरा लीगल वालंटियर जयानंद प्रसाद उपस्थित रहे।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जागरुकता एवं शिक्षा के माध्यम से ही बच्चों का सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि बाल विवाह की किसी भी सूचना को तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय सैंजी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** विकासखंड दशोली के अंतर्गत ग्राम सभा सैंजी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में विद्यालय की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथियों और ग्रामीणों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष गजेंद्र रावत ने शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में सैंजी वार्ड की जिला पंचायत सदस्य कुमारी संतोषी, दुर्मी-पगना के क्षेत्र पंचायत सदस्य कर्ण फर्स्वाण और कपिल खत्री उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों ने अतिथियों का फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। मुख्य अतिथि गजेंद्र रावत ने अपने संबोधन में विद्यालय के 50 वर्षों के गौरवशाली सफर की सराहना की। उन्होंने कहा प्राथमिक विद्यालय शिक्षा की नींव होते हैं। सैंजी विद्यालय ने पांच दशकों से अधिक समय से इस क्षेत्र के भविष्य को संवारने का कार्य किया है। हम सभी को मिलकर सरकारी स्कूलों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रयास करने चाहिए। वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंडी लोक गीतों, झूमैलो और देशभक्ति गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। जिला पंचायत सदस्य कुमारी संतोषी और क्षेत्र पंचायत सदस्य कर्ण फर्स्वाण ने भी विद्यालय की प्रगति के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया ओर अंत में विद्यालय के पूर्व छात्रों और मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

### तीन दिवसीय जनगणना के प्रथम चक्र भवन गणना प्रशिक्षण संपन्न

**नई टिहरी।** शहीद विक्रम सिंह नेगी राजकीय पालिटेक्निक भवन, गजा में आयोजित तीन दिवसीय जनगणना के प्रथम चक्र भवन गणना प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर राज. ेश लसियाल व महेश असवाल ने प्रशिक्षण लेने वाले प्रगणकों को गणना संबंधी बिंदुओं की गहन जानकारी दी। कार्यशाला के प्रथम बैच में 40 प्रगणकों ने 15 से 17 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण ट्रेनर राजेश लसियाल व महेश असवाल ने बताया कि गणना करते समय 33 बिंदुओं के बारे में जानकारी ली जानी है। जिसमें भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान के दीवार, छत, फर्श, मुख्य सामग्री, उपयोग, हालत व एक मकान में कितने परिवार रहते हैं।

# स्मैक तस्करी के अभियुक्त को दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) और जिला एवं सत्र न्यायाधीश टिहरी नितिन शर्मा की अदालत ने स्मैक तस्करी के अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अभियुक्त पर 30 हजार रूपये का अर्थदंड का लगाया गया है, अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

थाना मुनिकीरेती पुलिस को 6 दिसंबर 2021 को एसओजी और मुखबिर तंत्र से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में ब्रह्मानंद मोड के पास से एक स्कूटी सवार व्यक्ति स्मैक लेकर तपा. ेवन की ओर जा रहा है। उक्त सूचना पर थाना पुलिस ने ब्रह्मानंद मोड के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक स्कूटी (यूके14 एच 4616) सवार व्यक्ति पुलिस को देखकर घबराकर तेजी से स्कूटी घूमाते हुए भागने लगा। जिसको थाना पुलिस की टीम ने पीछा करते हुए दबोच लिया। थाना पुलिस के अनुसार स्कूटी सवार कमल वाधवा निवासी गंगानगर, ऋषिकेश के कब्जे से कुल 40.26 ग्राम स्मैक बरामद की गई। जिस पर अभियुक्त को मौके से ही गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। लंबी जिरह और बहस के बाद न्यायालय की ओर से दोनों पक्षों को सुना गया। जिला शासकीय अधिवक्ता स्वराज्य सिंह पंवार ने बताया कि सुबूतों और साक्ष्यों के आधार पर विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) नितिन शर्मा की अदालत ने अभियुक्त को स्मैक तस्करी के आरोप में दोषसिद्ध करते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। साथ ही अभियुक्त पर 30 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड जमा न करने पर अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा सरकार और पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता:मुरुगेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** आगामी चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। गंगोत्री धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल को खुलने के साथ ही यात्रा विधिवत शुरू होगी।




## ■ यूके पुलिस ऐप से श्रद्धालुओं को मिलेगा यात्रा का रियल टाइम अपडेट

शुक्रवार को दो गंगोत्री यमुनोत्री धाम के दो दिवसीय स्थलीय निरीक्षण के बाद जिला मुख्यालय पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) डॉ. वी. मुरुगेशन ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चारधाम यात्रा तैयारियों की गहन समीक्षा कर पत्रकारों को बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सरकार और पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं।

यात्रा मार्गों पर ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण के लिए व्यापक योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि प्रमुख पड़ावों और संवेदनशील स्थानों पर दिन के समय भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। बाजार क्षेत्रों में पार्किंग की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं को पैदल भेजा जाएगा, ताकि जाम की स्थिति न बने। नैरो पैच, ब्लैक स्पॉट और बॉटलनेक क्षेत्रों में वन-वे ट्रैफिक लागू किया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल और एसडीआरएफ की टीमें तैनात रहेंगी। यातायात प्रबंधन के लिए 38 मोटरसाइकिल, 2 इंटरसेप्टर, 4 हाईवे पेट्रोल यूनिट, 2 क्रेन और 6 नई बुलेट मोटरसाइकिलों को लगाया गया है।

सुरक्षा के लिहाज से यात्रा मार्ग और धामों पर 190 सीसीटीवी कैमरे, 3 ड्रोन, 6 डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (क्थ्डक) और 60 हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। साथ ही एटीएस, बीडीएस और सीएपीएफ के जवान भी तैनात रहेंगे।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 7455939993 और 9411112976 जारी किए गए हैं। साथ ही उत्तराखण्ड पुलिस ऐप और सोशल मीडिया के माध्यम से मौसम और मार्ग की रियल-टाइम जानकारी दी जाएगी।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के लिए विशेष टीमें सक्रिय की गई हैं। यात्रा अवधि में पुलिस के लिए 6 थाने, 9 रिपोर्टिंग चौकियां, 13 सीजनल चौकियां और 11 नए बैरक भी तैयार किए गए हैं।

प्रेस वार्ता से पहले एडीजी काशी विश्वनाथ मन्दिर में पूजा-अर्चना कर यात्रा की सफलता और श्रद्धालुओं की कुशलता की कामना की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय भी उपस्थित रहीं।

## एक नजर .......

### ईमानदारी की मिसाल: व्यापारी ने महिला का किमती पर्स लौटाया



**पुरोला :** नगरपालिका परिषद पुरोला अन्तर्गत दुर्गा मंदिर मार्ग मुकेश क्लॉथ हाउस में एक महिला का पर्स छूट गया, जिसमें नगदी, कीमती आभूषण और अन्य जरूरी सामान मौजूद था। दुकान स्वामी मुकेश ने ईमानदारी का परिचय देते हुए तुरंत व्यापार मंडल अध्यक्ष को फोन पर सूचना दी और पर्स को पुरोला बाजार पुलिस चौकी में जमा करा दिया। पुलिस और स्थानीय व्यापारियों की मदद से पर्स की पहचान कर उसे नौगांव विकासखंड के पटांगणी (हाल निवासी हेलीपैड बड़कोट) की रहने वाली अनिता रावत, पत्नी त्रेपन सिंह को सकुशल वापस सौंप दिया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने मुकेश की ईमानदारी की जमकर प्रशंसा की।

### युवाओं के लिए 10 दिवसीय पर्यटन गाइड प्रशिक्षण

**रुद्रप्रयाग।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से जनपद के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 10 दिवसीय यात्रा एवं पर्यटक गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 21 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित होगा, जिसमें चयनित युवा प्रतिभाग करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान जनपद स्तरीय अधिकारी भी प्रतिभाग कर युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे तथा उन्हें पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें पर्यटन उद्योग से जोड़कर रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक ने जानकारी देते हुए अधिक से अधिक युवाओं से इस प्रशिक्षण में भाग लेने की अपील की है, ताकि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने भविष्य को सशक्त बना सकें।

### सीएचसी हिंडोलाखाल में अल्ट्रासाउंड मशीन का विधिवत शुभारंभ

**नई टिहरी।** विकासखंड देवप्रयाग के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हिंडोलाखाल में अल्ट्रासाउंड मशीन का विधिवत शुभारंभ देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने किया। इस महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की एक नई सौगात मिली है। शुभारंभ के पहले दिन अल्ट्रासाउंड सेवा का लाभ कुल 35 लाभार्थियों को प्रदान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से गर्भवती महिलाएं व अन्य मरीज सम्मिलित रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी टिहरी डा. श्याम विजय ने कहा कि यह सुविधा क्षेत्र में समयबद्ध जांच व बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। इस मौके पर रेडियोलाजिस्ट डा. रचित गर्ग, ब्लाक प्रमुख विनोद बिष्ट, डा. आक. ाशदीप, डा. कोमल प्रताप, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राकेश भट्ट सहित स्वास्थ्य केंद्र के सभी चिकित्साक पव कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में आधरभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना जरूरी: आशा

## ■ निर्मित कक्षों का विधायक केदारनाथ ने किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** मदमहेश्वर घाटी के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज राऊलेंक में राज्य योजना के तहत 84.76 लाख रुपये की लागत से निर्मित चार अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का लोकार्पण समारोह का भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपंन हुआ। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

कार्यक्रम में केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए नवनिर्मित कक्षा-कक्षों का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण में अध्ययन का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है। इस अवसर पर ज्येष्ठ प्रमुख राकेश नेगी, प्रधान संगठन ब्लॉक महामंत्री मदन भट्ट, जिला पंचायत सदस्य सरोज राणा एवं पूर्व सदस्य विनोद राणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली एवं कुमाऊंनी लोकगीतों व नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में विशेष रंग भर दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य माहेश्वर दत्त त्रिवेदी एवं विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान नीमा देवी ने की, जबकि संचालन लक्ष्मीकांत काण्डपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान उनियाणा बिशाम्वरी देवी, प्रधानाचार्य जीआईसी रासी कमल सिंह नेगी, पीटीए अध्यक्ष प्रेम सिंह, गजपाल सिंह, आनंद सिंह नेगी, रेखा देवी, महिपाल सिंह नेगी, विज. ेंद्र सिंह कंडारी, राकेश नौटियाल आदि मौजूद रहे।

# जनगणना-2027 के प्रथम चरण में स्व-गणना को बढ़ावा

**रुद्रप्रयाग।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना को बढ़ावा देने के लिए जनगणना कार्य निदेशालय देहरादून द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्य में जनगणना-2027 का प्रथम चरण 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक संचालित होगा। इस दौरान प्रत्येक मकान का सूचीकरण एवं गणना की जाएगी। इस बार जनगणना प्रक्रिया को डिजिटल इंडिया अभियान के तहत पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संपादित किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और कार्यक्षमता में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

नागरिकों की सुविधा के लिए विशेष रूप से विकसित सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल भी उपलब्ध कराया गया है। यह पोर्टल 10 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक सक्रिय रहेगा, जिसके माध्यम से प्रदेशवासी स्वयं अपने परिवार एवं मकान से संबंधित विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

# पुलिस महानिरीक्षक व एसएसपी टिहरी ने यात्रा मार्ग का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुचारु व व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस महानिरीक्षक (ला एंड आर्डर) सुनील कुमार मीणा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी श्वेता चौबे के साथ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान यात्रा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं और सुरक्षा प्रबंधों का गहनता से जायजा लिया गया।

शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान आइजी मीणा ने प्रमुख पड़ावों, पुलिस चौकियों, पंजीकरण केंद्रों व संवे. दनशील स्थलों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण व यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। बद्रीनाथ मार्ग पर निरीक्षण के दौरान भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। आइजी ने निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करते हुए यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने दी जाए और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। मुनि की रेती क्षेत्र के भ्रमण के दौरान आइजी ने पुलिसिंग व्यवस्था की समीक्षा करते हुए तैनात पुलिस कार्मिकों को उच्च मानकों के अनुरूप कार्य करने, यात्रियों के साथ सौम्य व सहयोगात्मक व्यवहार रखने और आपदा प्रबंधन के प्रति पूर्ण रूप से तैयार रहने के निर्देश दिए।इसके अलावा जनप्रतिनिधियों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर यातायात, पार्किंग व अन्य व्यवस्थाओं पर समन्वय स्थापित करते हुए व्यावहारिक और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। आइजी ने कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेश की आस्था और प्रतिष्ठा से जुड़ी है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यात्रियों को सुरक्षित व सुगम यात्रा अनुभव प्रदान करें।

# धराली आपदा के बाद गंगोत्री हाईवे सुधार की बड़ी कवायद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** बीते मानसून में हर्षिल-धराली घाटी में आई भीषण आपदा और अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त गंगोत्री-धरासू राष्ट्रीय राजमार्गको दुरुस्त करने के लिए अब बड़े स्तर पर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। बीआरओ ने गंगोत्री हाईवे पर करीब 18 संवे. दनशील स्लाइड पॉइंट्स की पहचान की है, जिनके उपचार और स्थायी समाधान के लिए टीएचडीसी को डीपीआर तैयार करने का जिम्मा सौंपा है, हालांकि अधिकांश डीपीआर अभी लंबित हैं। बीआरओ को डीपीआर की इंतजार है जिसके बाद बीआरओ केंद्रीय सड़क मंत्रालय को भेजेगा।



## ■ गंगोत्री हाईवे 18 स्लाइड जोन बने चुनौती, स्थायी समाधान की तैयारी ■ कई जगह अस्थायी राहत, स्थायी कार्यों में देरी

सूत्रों की मानें तो गंगोत्री हाईवे पर बीते आपदा से करीब 18 संवेदनशील स्लाइड पॉइंट्स के उपचार के लिए

बीआरओ को करीब 250 से 300 करोड़ रुपये की धनराशि की आवश्यकता पड़ेगी। सामरीक और धार्मिक महत्व से अति महत्वपूर्ण एन एच -34 को सुरक्षित और सुगम बनाने की योजना है। बीते वर्ष बीआरओ ने कई स्थानों पर फिलहाल करीब 50 करोड़ एफडीआर फंड के माध्यम से सड़क को अस्थायी रूप से यातायात योग्य बना है, जबकि स्थायी कार्यों की प्रक्रिया जारी अभी जारी है।

गौरतलब है कि धराली और हर्षिल में मल्टी सेल बॉक्स कल्वर्ट (डब्ठब) के निर्माण कार्य अनुबंधित हो चुके हैं और अप्रैल-मई के अंत तक काम शुरू होने की उम्मीद है। वहीं काली पहाड़ी, डबरानी, लिमचीगाड़, पापड़गाड़ और चढ़ेथी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में ढलान उपचार (स्ैज) कार्य प्रस्तावित हैं, जिनकी डीपीआर का इंतजार है।

नैताला में डीपीआर केंद्रीय सड़क मंत्रालय को भेजी जा चुकी है, जबकि रातुडीसेरा में ढलान उपचार कार्य शुरू हो चुका है। नालूपानी क्षेत्र में भी रखरखाव जारी है और भविष्य में स्थायी समाधान की योजना बनाई जा रही है। इधर बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) के कमांडर राजकिशोर ने बताया कि प्रशासन और संबंधित एजेंसियों का फोकस यात्रा सीजन और आगामी मानसून के दौरान सड़क की यातायात क्षमता बनाए रखने पर है, ताकि गंगोत्री धाम जाने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# शिक्षक संघ के संविधान संशोधन पर चमोली इकाई मुखर

## ■ बताया संगठन की आत्मा पर प्रहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** राजकीय शिक्षक संघ के संविधान में विभाग द्वारा किए गए संशोधनों को लेकर शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। जनपद कार्यकारिणी चमोली ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा द्वारा जारी नवीन संशोधन आदेशों को संगठन की लोकतांत्रिक संरचना के विरुद्ध बताते हुए इसे श्संविधान की आत्मा पर गहरा आघातश करार दिया है।



जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह चौहान ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि ब्लॉक से लेकर प्रांतीय स्तर तक की निर्वाचन प्रक्रिया में सरकार का हस्तक्षेप किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन संशोधनों के माध्यम से जानबूझकर ऐसे प्रावधान थोपे गए हैं, जिससे संगठन संस्थागत रूप से कमजोर हो जाए।

संगठन में चुनाव की प्रक्रिया क्या होगी, यह विभाग नहीं बल्कि आम शिक्षक तय करेंगे। सबको वोट देने की आड़ में संगठन के बुनियादी ढांचे को ध्वस्त करने की कोशिश की जा रही है।ष्व्र प्रकाश सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष

जिला मंत्री बीरेंद्र सिंह नेगी और जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले 8 वर्षों से पदोन्नति बाधित है और दो वर्षों से स्थानांतरण रुके हुए हैं। शिक्षकों की अन्य लंबित मांगें भी ठंडे बस्ते में हैं।

चमोली कार्यकारिणी ने इस संबंध में प्रांतीय नेतृत्व को पत्र लिखकर अविलंब हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन का स्पष्ट रुख है कि विभाग केवल उन्हीं संशोधनों को मंजूरी दे जो स्वयं शिक्षकों द्वारा प्रस्तावित किए जाएं। जनपद इकाई ने चेतावनी दी है कि यदि इन श्दमनकारीश संशोधनों को वापस नहीं लिया गया, तो प्रांतीय कार्यकारिणी के दिशा निर्देशों के अनुसार आगे की कार्यवाही करेंगे।

# टीआरपी पब्लिक स्कूल के तीस बच्चों ने हासिल किए 90 प्रतिशत अंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** सीबीएसई द्वारा कक्षा 10 का वार्षिक परीक्षा परिणाम विगत 14 अप्रैल को घोषित किया जा चुका है जिसमें आरपी पब्लिक स्कूल, न्यू कोटद्वार तेलीपाड़ा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा । विद्यालय के 30 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं । विद्यालय के तन्मय अग्रवाल ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया जबकि विद्यालय की छात्रा श्रेयांशी कर्नवाल द्वारा 97 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया साथ ही विद्यालय के छात्र अभय धामा 96.8 प्रतिशत, प्राची विश्नोई 95 प्रतिशत के साथ तृतीया और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया । विद्यालय के छात्र सिद्धार्थ बडोला एवं तनिष्का भारद्वाज द्वारा 94.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में संयुक्त रूप से पांचवा स्थान प्राप्त किया । विद्यालय के छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुंवर अजीत सिंह द्वारा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी गई एवं भविष्य में भी छात्रों द्वारा इसी प्रकार का श्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विद्यालय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रांगण में सम्मानित भी किया गया।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा जारी

**सेलाकुई।** बायाखाला क्षेत्र सेलाकुई में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ जारी है। कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा पंडाल भक्तिरस में डूबा नजर आया। कथा व्यास प्रभाकरानंद शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना और भक्तों के कल्याण के लिए अनेक लीलाएं कीं। रुक्मणी विवाह प्रसंग सुन श्रद्धालु आनंदित हो उठे और जयकारों से पंडाल गूंज उठा। इसके साथ ही शुकदेव जी महाराज द्वारा राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा सुनाकर मोक्ष प्रदान करने का प्रसंग भी सुनाया गया।

# जन शिकायत की पड़ताल करने मौके पर पहुंचे सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सीएम हेल्पलाइन पर आई शिकायत को फाइलों में हल करने के बजाय, मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को खुद मौके पर जाकर जन समस्याओं की पड़ताल की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्य में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए, अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।



■ वीडियो कॉल के जरिए अधिकारियों को दिखाई स्थिति ■ सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायत की पड़ताल करने खुद मौके पर पहुंचे सीएम धामी

देहरादून के जाखन निवासी विवेक मदान ने, राजपुर रोड पर विद्युत लाइन अंडरग्राउंड किए जाने के कारण फुटपाथ को हुए नुकसान की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी।

मदान ने शिकायत में उल्लेख किया था कि जाखन में पहले सड़क किनारे फुटपाथ बनाया गया, बाद में यूपीसीएल ने इस फुटपाथ को खोदकर, अंडरग्राउंड लाइन बिछा डाली। लेकिन इस दौरान मिट्टी का भरान ठीक से नहीं किया गया, जिस कारण फुटपाथ की टाइल्स बैठ गई हैं। इससे फुटपाथ का पूरा लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री धामी को सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करनी थी, लेकिन सीएम ने समीक्षा बैठक से पहले शिकायत की पड़ताल करने सीधे जाखन का रुख किया।

**प्रदेश भर में चलाएं अभियान**

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वे प्रदेश भर के आगामी दौरों पर इसी तरह नियमित निरीक्षण करेंगे। उन्होंने मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को निर्देश दिए कि प्रदेश में यदि कहीं और भी इस तरह की शिकायत आ रही है तो उन्हें दूर किया जाए, इसके लिए प्रदेश भर में अभियान चलाया जाए।

मुख्यमंत्री इस दौरान स्थानीय दुकानदारों और निवासियों से भी बातचीत की।

### अपने मोबाइल से अधिकारियों को दिखाई हकीकत



मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ता विवेक मदान को साथ लेकर अपने मोबाइल से ही अधिकारियों को वीडियो कॉल के जरिए फुटपाथ की स्थिति दिखाई। मुख्यमंत्री ने स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि अंडरग्राउंड होने के बावजूद कई जगह बिजली लाइन ऊपर दिखाई दे रही है। जिस कारण जन सामान्य को खतरा पैदा हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी प्लानिंग के साथ काम करें, वरना बार बार कार्य होने से एक और पब्लिक को परेशानी का सामना करता है, वहीं धन की भी बर्बादी होती है।

# उत्तराखंड में जनगणना 2027 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में तेजी

■ विभिन्न क्षेत्रों में एन्यूमरेटर एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षण संपन्न ■ राज्यभर में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, कार्यों की प्रगति की समीक्षा ■ स्व-गणना के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने को विभागीय स्तर पर सक्रिय पहल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रशिक्षण एवं जन-जागरूकता गति. विधियों में तेजी लाते हुए राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में एन्यूमरेटर एवं सुप. रवाइजर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी कड़ी में नगर पंचायत झबरेड़ा के अंतर्गत चार्ज झबरेड़ा में प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय दिवस अटल उत्कर्ष कन्या इंटर कॉलेज, झबरेड़ा में आयोजित किया गया, जिसमें प्रशिक्षण का संचालन एफटी श्री सौरव कुमार एवं श्री सुनील कुमार पाल द्वारा किया गया।

इसी क्रम में बिरोंखाल एवं चौबट्टाखाल में भी एन्यूमरेटर एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षण/बैठकों का आयोजन किया गया, जहाँ कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। नगर पालिका परिषद मंगलौर में जनगणना 2027 प्रशिक्षण का दूसरा दिन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ, जबकि बीएचईएल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।जनगणना कार्य को प्रभावी बनाने हेतु स्व-गणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के साथ संवाद भी स्थापित किया गया। इस क्रम में उप निदेशक श्री आर. के. बनवारी द्वारा आकाशवाणी एवं दूरदर्शन की संयुक्त निदेशक श्रीमती साक्षी सिंह सहित अन्य अधिकारियों से भेंट कर स्व-गणना को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रसार भारतीख्रदूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख अनिल कुमार भट्ट, उप-निदेशक कुलभूषण कुमार, क्लस्टर प्रमुख सुरेश कुमार मीना तथा पीआईबी के सहायक निदेशक संजीव सुन्दरियाल से भी मुलाकात कर स्टाफ एवं आमजन को स्व-गणना के लिए प्रेरित किया गया। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से जनगणना 2027 के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक समन्वय, प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं जनभागीदारी को सुदृढ़ किया जा रहा है। राज्य सरकार नागरिकों से अपील करती है कि वे स्व-गणना सुविधा का अधिकाधिक उपयोग करें और इस राष्ट्रीय महत्त्व के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

# एसपी नीहारिका तोमर ने किया यात्रा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को ब्रीफ

■ ब्रीफिंग के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित संचालन के लिए रुद्रप्रयाग पुलिस पूरी तरह तैयार है। 22 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रही यात्रा के मद्देनजर रिजर्व पुलिस लाइन रतूड़ा में आयोजित ब्रीफिंग में पुलिस अधीक्षक नीहा. रिका तोमर ने यात्रा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि "मित्रता, सेवा, सुरक्षा" और "अतिथि देवो भव:" के संकल्प के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा। साथ ही निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में पुलिसकर्मी धैर्य न खोएं और श्रद्धालुओं के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखें। अनुचित आचरण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्रा मार्ग, केदारनाथ धाम और पैदल मार्ग के विभिन्न पड़ावों के लिए ड्यूटी आदेश जारी कर दिए गए हैं और सभी कार्मिकों को समय से अपने-अपने तैनाती स्थल पर पहुं. चने के निर्देश दिए गए हैं। ब्रीफिंग के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर उनका मनोबल भी बढ़ाया गया। इस अवसर पर सीओ गुप्तकाशी वेद प्रकाश भट्ट ने पिछले वर्षों के अनुभव साझा किए, जबकि एसएचओ सोनप्रयाग राकेन्द्र सिंह कठैत ने क्षेत्र की भौगोलिक चुनौतियों की जानकारी दी। यात्रा के दौरान बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए सुचारु यातायात प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

एसपी ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के लिए आवास और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य जनपदों से आने वाले पुलिस बल का भी सहयोग लिया जाएगा, जिसमें स्थानीय पुलिस मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगी। ब्रीफिंग में पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी वेद प्रकाश भट्ट, प्रतिसार निरीक्षक कैलाश चन्द्र शर्मा, विभिन्न थाना प्रभारियों सहित एलआईयू, दूरसंच. ार और अन्य शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री धामी के विजन को एमडीडीए तेजी से कर रहा साकार

# आढ़त बाजार-तहसील चौक सड़क चौड़ीकरण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** शहर के यातायात को सुगम और आधुनिक बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विजन अब जमीन पर उतरता दिखाई दे रहा है। लंबे समय से प्रतीक्षित आढ़त बाजारदृतहसील चौक सड़क चौड़ीकरण परियोजना में तेजी आई है और इससे जुड़े प्रभावितों को मुआवजा एवं पुनर्वास की प्रक्रिया भी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ रही है। मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा मुख्यमंत्री के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के तहत इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर अमल में लाया जा रहा है।

**34 संपत्ति धारकों की जल्द होगी रजिस्ट्रीः** एमडीडीए द्वारा शेष संपत्तियों के दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया जा रहा है। जिनके दस्तावेज सही हैं उनकी प्राथमिकता के आधार पर रजिस्ट्री की जा रही है। ऐसे ही 34 संपत्ति धारकों के दस्तावेजों का परीक्षण कर लिया गया है। जिनकी रजिस्ट्री की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।



■ बाजार, तहसील चौक सड़क चौड़ीकरण कार्य ने पकड़ी गति ■ एमडीडीए की पारदर्शी कार्यशैली, प्रभावितों को मिल रहा समय पर मुआवजा ■ 52 को लगभग 21 करोड़ का भुगतान व 34 संपत्ति धारकों की जल्द होगी रजिस्ट्री ■ स्वेच्छा से हट रहीं संपत्तियां

संबधित अधिकारियों का दावा है कि सभी पात्र प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा प्रदान कर दिया जाएगा। इसके साथ ही भूखंड आवंटन की प्रक्रिया भी समानांतर रूप से आगे बढ़ाई जा रही है, ताकि किसी भी प्रभावित को असुविधा का सामना न करना पड़े। प्राधिकरण का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है।

**अंतिम चरण में नवीन आढ़त बाजार का निर्माणः** परियोजना के तहत बनाए जा रहे नवीन आढ़त बाजार में विकास कार्य तेजी से चल रहा है। यहां लगभग 95 प्रतिशत तक पार्किंग व्यवस्था तैयार हो चुकी है, जबकि अन्य विकास कार्य 80 प्रतिशत तक पूरे हो चुके हैं। शेष कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। यह नया आढ़त बाजार न केवल व्यापारियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि शहर के भीतर यातायात के दबाव को भी कम करेगा।

**यातायात सुधार और शहरी विकास को मिलेगी नई दिशाः** आढ़त बाजार व तहसील चौक सड़क चौड़ीकरण परियोजना देहरादून के यातायात तंत्र को सुधारने में अहम भूमिका निभाएगी। इस मार्ग के चौड़ीकरण से जाम की समस्या में कमी आएगी और आम जनता को राहत मिलेगी। इसके साथ ही यह परियोजना शहर के समग्र शहरी विकास को भी नई दिशा देगी। मुख्यमंत्री धामी का फोकस केवल सड़क चौड़ीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से एक सुव्यवस्थित और स्मार्ट शहर की परिकल्पना को साकार करना है।

**प्रभावितों का बढ़ता भरोसा, पारदर्शिता बनी आधारः** परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें प्रभावितों के हितों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मुआवजा वितरण और पुनर्वास की प्रक्रिया में पारदर्शिता ने लोगों का भरोसा जीता है।

### जल्द पूरा होगा आढ़त बाजार निर्माणः तिवारी



एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के तहत आढ़त बाजारदृतहसील चौक सड़क चौड़ीकरण परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रभावितों को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से मुआवजा प्रदान किया जा रहा है, जिससे लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। तिवारी ने कहा कि अब तक 52 संपत्ति धारकों को लगभग 21 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है और शेष प्रभावितों को भी शीघ्र मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि नवीन आढ़त बाजार का निर्माण तेजी से किया जा रहा है और जल्द ही सभी सुविधाओं के साथ इसे व्यापारियों के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा।

### शेष संपत्तियों के दस्तावेजों का परीक्षण जारीः बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत शेष संपत्तियों के दस्तावेजों का परीक्षण तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र प्रभावितों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। बर्निया ने यह भी बताया कि नवीन आढ़त बाजार में पार्किंग और अन्य विकास कार्य अंतिम चरण में हैं और शेष कार्यों को जल्द पूरा करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न किया जाएगा।

### 52 संपत्ति धारकों को 21 करोड़ का भुगतान

परियोजना के तहत प्रभावित होने वाली कुल 410 संपत्तियों में से अब तक 52 संपत्ति धारकों को लगभग 21 करोड़ रुपये का मुआवजा वितरित किया जा चुका है। मुआवजा प्राप्त करने के बाद इन संपत्ति धारकों ने अपनी प्रभावित परिसंपत्तियों की रजिस्ट्री लोक निर्माण विभाग के नाम कर दी है। यह प्रक्रिया न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता को दर्शाती है, बल्कि प्रभावितों के विश्वास को भी मजबूत कर रही है। कई प्रभावितों ने अपनी संपत्तियों के हिस्सों को हटाने का कार्य भी शुरू कर दिया है, जिससे परियोजना को गति मिल रही है।

# यूपीईएस ने किया विधिउत्सव 2026 का आयोजन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** यू.पी.ई.एस. स्कूल ऑफ लॉ ने विधिउत्सव 2026 के तीसरे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया, जिसे व्यापक रूप से भारत का सबसे बड़ा अकादमिक लॉ फेस्ट माना जाता है। इस आयोजन में भारत और विदेशों के 80 से अधिक विश्वविद्यालयों से आए 450 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों, विधि विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं और शिक्षाविदों ने समकालीन कानूनी मुद्दों, प्रतिस्पर्धात्मक मंचों और अनुभवात्मक शिक्षण पर गहन चर्चा और सहभागिता की।

इस फेस्ट का शुभारंभ एक उद्घाटन समारोह के साथ हुआ, जिसमें भारत के सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उत्तराखंड हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और उत्तराखंड राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राजेश टंडन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। न्यायमूर्ति



■ 80 विश्वविद्यालयों के 450 प्रतिभागियों के साथ देश का सबसे बड़ा अकादमिक लॉ फेस्ट आयोजित

धूलिया ने कानून के आधार के रूप में करुणा के महत्व पर प्रकाश डाला और संवैधानिक नैतिकता, न्यायिक ईमानदारी तथा भारत की विधिक संरचना को आकार देने में समावेशन की भूमिका पर जोर दिया।

विधिउत्सव 2026 में 13 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें मूट कोर्ट, मध्यस्थता, वार्ता, क्लाइंट काउंसलिंग, यूथ पार्लियामेंट, पॉलिसी ड्राफ्टिंग, स्पोर्ट्स लॉ, एनिमल लॉ और प्रो बोनो सेवाएं शामिल थीं।

फेस्ट का बौद्धिक केंद्र 'विधि संगोष्ठी' रहा, जिसमें कानून और शासन से जुड़े समकालीन मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

कार्यक्रम में डॉ. नवीन कुमार सिंह (सीईओ, इंडिया इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर), डॉ. विनय नारायण परांजपे (प्रेसिडेंट, लीगल, पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड), डॉ. ए. वेंकटेशन (जनरल मैनेजर, लॉ, गेल इंडिया लिमिटेड), अखिलेश रावत (उप महाधिवक्ता, उत्तराखंड, सुप्रीम कोर्ट), और कुमार सल्वा रघुवंशी (चीफ मैनेजर, ऑयल इंडिया लिमिटेड) उपस्थित रहे।

# ऊखीमठ बाजार में जाम से बढ़ी परेशानियां

■ स्थायी राहत दिलाने को लेकर प्रभावी कदम उठाने की मांग ■ व्यापार मंडल ने प्रभारी कोतवाली को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** ऊखीमठ नगर बाजार में लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण प्रतिदिन लंबा जाम लग रहा है। इस समस्या से जहां स्थानीय व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है, वहीं आम जनता को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर उद्योग व्यापार मंडल ऊखीमठ के अध्यक्ष राजीव भट्ट ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जाम की इस गंभीर समस्या के समाधान की मांग की। उन्होंने बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुधारने और जाम से स्थायी राहत दिलाने को लेकर प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऊखीमठ बाजार में जाम की स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। कई बार आपात कालीन सेवाएं, जैसे एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे गंभीर हालात उत्पन्न होने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा तहसील और ब्लॉक मुख्यालय आने-जाने वाले लोगों को भी इस समस्या से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल ने यह भी बताया कि पूर्व में कई बार पुलिस और तहसील प्रशासन से इस संबंध में अनुरोध किया जा चुका है, लेकिन समस्या का अभी तक अपेक्षित समाधान नहीं हो पाया है। वर्तमान में बाजार क्षेत्र में पुलिस की ड्यूटी भी अपर्याप्त प्रतीत हो रही है, जिससे यातायात व्यवस्था और अधिक अव्यवस्थित बनी हुई है। आगामी चारधाम यात्रा 2026 को देखते हुए व्यापार मंडल ने चेताया कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है, क्योंकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि होती है।

# 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम में नवागंतुक विद्यार्थियों को दी शैक्षिक जानकारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय परिसर देहरादून में स्थापित आदर्श अध्ययन केंद्र,देहरादून पर शुक्रवार को नए प्रवेशित शिक्षार्थियों के मार्गदर्शन हेतु 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवागंत. ुक शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, परीक्षा पद्धति और सत्रीय कार्यों आदि से अवगत कराना था।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारंभ अतिथियों के आगमन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलगीत के पश्चात प्रभारी निदेशक डॉ सुभाष रमोला ने स्वागत भाषण देते हुए सभी विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय के नए वातावरण में समायोजित करना जिससे वे अपने





■ उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने आयोजित किया कार्यक्रम

आप को सहज महसूस करें और विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से परिचित हों।

मंच संचालन के साथ प्रवेश एवं परामर्श की बारीकियों पर डॉ. नरेंद्र जगुड़ी ने प्रकाश डाला, जबकि डॉ. भावना डोभाल ने परीक्षा और सत्रीय कार्यों की महत्ता समझाई। सहायक क्षेत्रीय निदेशक गोविंद सिंह रावत ने अध्ययन केंद्रों से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं साझा कीं। सामाजिक कार्य विभाग से प्रो. नीरजा सिंह ने अपने संबोधन में दूरस्थ शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को स्व-अध्ययन के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के रूप में आगरा विश्व विद्यालय से प्रो.

राजेश कुशवाहा ने अपने सम्बोधन में शिक्षार्थियों से कहा कि विश्वविद्यालय से आत्मीय भाव से जुड़ना ही असल दीक्षारम्भ है। उन्होंने गौतम बुद्ध का एक रोचक प्रसंग शिक्षार्थियों को सुनाकर दीक्षारंभ का महत्व बताते हुए उसका मूल मंत्र दिया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के समय की एक वास्तविकताः राज्यपाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग एवं संपर्क फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित "शिक्षा पर एआई के प्रभाव" संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

राजपुर रोड, देहरादून स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज के समय की एक वास्तविकता है, जो शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों को तेजी से प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि एआई को केवल तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा निर्धारित



■ शिक्षा विभाग एवं संपर्क फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित "शिक्षा पर एआई के प्रभाव" संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

करने वाले एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में देखा जाना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मेटावर्स और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उन्नत तकनीकों का युग है, जिन्हें अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों का समावेश उत्तराखण्ड के छात्रों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा।

राज्यपाल ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे छात्रों को नई तकनीकों के प्रति जागरूक करें और उन्हें इसके उपयोग के लिए सक्षम बनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखण्ड के शिक्षक और छात्र मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात करेंगे।उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से शिक्षा को अधिक समावेशी बनाया जा सकता है, विशेष रूप से दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों के छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने में यह सहायक सिद्ध होगा। साथ ही, एआई भाषा की बाधाओं को दूर कर स्थानीय भाषाओं में शिक्षा को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करता है। राज्यपाल ने 'संपर्क फाउंडेशन' के संस्थापक-अध्यक्ष श्री विनीत नायर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कार्य सराहनीय है। इस अवसर पर सचिव रविनाथ रामन, कुलपति उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय डॉ तृप्ता ठाकुर, संपर्क फाउंडेशन' के संस्थापक-अध्यक्ष विनीत नायर, चेयरमैन डॉ के राजेश्वर राव, निद. ेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ मुकुल कुमार सती सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षक उपस्थित रहे।

### देहरादून के शहरी क्षेत्र में 7 अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों का निरीक्षण

**देहरादून।** गर्भाधान एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक के अंतर्गत देहरादून के शहरी क्षेत्र में 7 अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में जिला निरीक्षण एवं मूल्यांकन समिति के सदस्यों द्वारा इमेजिंग सेंटर में जाकर पंजीकरण नवीनीकरण एवं अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया। ए. सी.एम.ओ. डॉ निधि रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति के सदस्यों द्वारा बाला प्रीतम हॉस्पिटल, पटेलनगर, देहरादून, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, देहरादून, भारत हार्ट इंस्ट्यूट एंड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून, आरना डायग्नॉस्टिक सेंटर, देहरादून, अरविंद इमेजिंग सेंटर, देहरादून, आद्या हार्ट केयर सेंटर देहरादून, गढ़वाल अल्ट्रासाउंड सेंटर, देहरादून में संचा. लित अल्ट्रासाउण्ड मशीनों की जांच की गयी।

कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून
पत्रांक 777/अभि.-/2026-27 दिनांक 17.04.26
निविदा सूचना
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न 14 निर्माण एवं विकास कार्यों हेतु ऑफ लाईन निविदा दिनांक 08.05.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निविदा बाक्स के माध्यम से सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 3.00 बजे उपरान्त खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र प्राधिकरण कार्यालय से निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि आदि आवश्यक अभिलेख जमा करने के उपरान्त दिनांक 07.05.2026 को 2.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। अन्य निविदा की विस्तृत शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न की गयी है। निविदा विज्ञप्ति का विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वेवसाईट mddaonline.in में भी दिया गया है यदि उक्त निविदा के सम्बन्ध किसी प्रकार के संशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है तो उसकी सूचना उक्त वेवसाईट के माध्यम से दी जाएगी।
अधिशासी अभियन्ता,
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून

# हरिद्वार से चारधाम यात्रा का शुभारंभ, ऋषिकुल मैदान में शुरू हुआ ऑफलाइन पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा-2026 के शुभारंभ की तैयारियों के बीच हरिद्वार जनपद से यात्रा का विधिवत आगाज हो गया है। तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए ऋषिकुल मैदान में बनाए गए ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र पर शुक्रवार से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इस दौरान मध्य प्रदेश के शहडोल जनपद से आए सात सदस्यीय दल ने सबसे पहले पंजीकरण कराकर यात्रा की शुरुआत का प्रतीकात्मक शुभारंभ किया।

पहले पंजीकरण के अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने "अतिथि देवो भव" की परंपरा निभाते हुए तीर्थयात्रियों का फूल-मालाओं और तिलक-चंदन से भव्य स्वागत किया। अधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं की यात्रा मंगलमय, सुरक्षित और सुखद होने की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

पहला पंजीकरण कराने वाले दल में बिसाहू लाल विश्वकर्मा, श्रीमती मुन्नी विश्वकर्मा, प्यारेलाल विश्वकर्मा, रामदीन प्रजापति, दशरथ प्रजापति, शांति प्रजापति और पार्वती प्रजापति शामिल रहे। सभी श्रद्धालुओं ने पंजीकरण केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



तीर्थयात्री बिसाहू लाल विश्वकर्मा ने बताया कि ऋषिकुल मैदान में पंजीकरण के लिए उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है और प्रशासन द्वारा उनका जो स्वागत किया गया, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं, श्रीमती मुन्नी विश्वकर्मा ने भी पंजीकरण केंद्र की सुविधाओं को संतोषजनक बताते हुए सरकार की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। ऋषिकुल मैदान स्थित पंजीकरण केंद्र पर तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यहां बड़ी संख्या में काउंटर स्थापित किए गए हैं, जहां यात्रियों का पंजीकरण सुचारू रूप से किया जा रहा है। विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं में चारधाम यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और लगातार बड़ी संख्या में लोग पंजीकरण कराने पहुंच रहे हैं।

यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर ही स्वास्थ्य परीक्षण और स्क्रीनिंग की व्यवस्था भी की गई है। इससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालु स्वस्थ हों और किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या का समय रहते समाधान किया जा सके।

जिला प्रशासन ने चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। पंजीकरण केंद्र पर पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और सहायता डेस्क जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत और जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मेयर को एआई आधारित स्मार्ट स्वच्छता प्रणाली लागू करने का दिया प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पीबीआर एंटरप्राईजेज के प्रबंधक पी.बाबजी राव ने मेयर किरण जैसल से भेंट कर कुंभ मेले और शहर की स्वच्छता और आधुनिक कचरा प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में एआई आधारित स्मार्ट डस्टबिन, स्पिट बिन एवं एकीकृत वेस्ट मैनेजमेंट तकनीक का प्रस्ताव दिया है। पी.बाबजी राव ने बताया कि हरिद्वार को स्वच्छ, स्मार्ट और सतत शहर के रूप में विकसित करने के लिए एआई आधारित स्मार्ट डस्टबिन रीयल टाइम भराव स्तर निगरानी सहित लगाए जाएंगे। सार्वजनिक स्थानों पर थूकने की समस्या के समाधान के लिए स्पिट बिन, एआई आधारित कचरा संग्रहण एवं परिवहन प्रणाली, सेंट्रल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इससे शहर के स्वच्छता मानकों में सुधार होगा। कचरा प्रबंधन में दक्षता बढ़ेगी, डस्टबिन ओवरफ्लो की समस्या का समाधान होगा और पर्यावरण संरक्षण के साथ कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य हरिद्वार को स्मार्ट और सतत कचरा प्रबंधन का एक आदर्श मॉडल बनाना है। जिससे स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत भी लागू किया जा सकता है और यह स्वच्छ भारत अभियान तथा स्मार्ट सिटी मिशन के अनुरूप है। बताया कि नगर निगम के साथ पायलट प्रोजेक्ट एवं दीर्घकालिक सहयोग के लिए आगे चर्चा जारी है। सुनील प्रजापति व सुशांत पाल ने कहा कि प्रोजेक्ट लागू होने से शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने और कुंभ मेले में सफाई व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।



# युवा कांग्रेस नेता कैश खुराना ने जनगणना में पूछे जाने वाले सवालों पर जताया एतराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** युवा कांग्रेस नेता कैश खुराना ने जनगणना में पूछे जाने वाले कई सवालों पर एतराज जताया है। प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान कैश खुराना ने कहा कि जनगणना जनता से जुड़ा मुद्दा है। इसे सही तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना में जनता की पर्सनल लाइफ से जुड़े सवालों के जवाब मांगे गए हैं। जो कि तर्कसंगत नहीं हैं। उन्होंने बताया कि कितने कमरे हैं, शौचालय की सीट किस प्रकार की है। घर का लेंटर लकड़ी का है या सीमेंट का, लैपटॉप, मोबाइल फोन, खाद्य सामग्री, ईंधन जैसे सवाल जनगणना फार्म में दिए गए हैं। जो कि लोगों की निजी जिंदगी से जुड़े सवाल हैं। उन्होंने कहा कि हम इन सवालों से सहमत नहीं है। जनगणना होनी चाहिए लेकिन लोगों की निजी जिंदगी से जुड़े सवाल नहीं पूछे जाने चाहिए। जनगणना में पूछे जा रहे लोगों की जिंदगी से जुड़े सवालों को लेकर कांग्रेस के विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों को एकत्र कर संघर्ष किया जाएगा। इस दौरान पार्षद विवेक भूषण विक्की दिव्यांश शर्मा ने भी जनगणना के सवालों पर प्रश्न चिन्ह लगाया।



# धूमधाम से मनाया हजरत आशिक अली शाह का उर्स

## चादरपोशी, फातिहाख्वानी और महफिल-ए-समां में गूंजे सूफियाना कलाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र स्थित मोहल्ला कैथवाड़ा में हजरत सैय्यद आशिक अली शाह उर्फ दादा पीर का सालाना उर्स इस बार भी पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। दरगाह परिसर में सुबह से ही अकीदतमंदों का तांता लगा रहा, जहां लोगों ने चादरपोशी कर फूल पेश किए और मुल्क में अमन-ओ-चौन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। उर्स का आगाज खानकाह-ए-फैजाने वाहिद के गद्दीनशीं हजरत सैयद फरीद आलम साबरी की सरपरस्ती में हुआ। फातिहाख्वानी के बाद उन्होंने सामूहिक दुआ कराई, जिसमें बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने हाथ उठाकर अपने और समाज की बेहतरी की दुआ की। शाम को दरगाह परिसर में महफिल-ए-समां का आयोजन हुआ, जिसमें मशहूर कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर माहौल को रूहानियत से सराबोर कर दिया। देर रात तक चली महफिल में कव्वालों ने कलाम पेश कर समा बांध दिया। इस मौके पर सैय्यद मुजीब ने कहा कि दरगाहें मोहब्बत, इंसानियत और भाईचारे का पैगाम देती हैं, जहां हर धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आकर इत्तेहाद की मिसाल पेश करते हैं। दरगाह के सज्जादानशीं गुलफराज अहमद और कमेटी अध्यक्ष अनीस खान एवं कोषाध्यक्ष मेहराज खान ने बताया कि उर्स में हर साल सर्वधर्म के लोग शामिल होते हैं, जो इसकी खास पहचान है। इस दौरान सभी अकीदतमंदों के लिए लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पिरान कलियर दरगाह हजरत साबिर पाक से जुड़े सज्जादनशीं परिवार के सदस्य शाह खालिक मियां, नियाजी साबरी शामिल हुए। इस दौरान सईद अंसारी, इसरार खान, नफीस अंसारी, कादर खान, यूसुफ गौड़, शहजाद साबरी, अब्दुल सुब्हान अंसारी आदि मौजूद रहे।



# अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम ने यूपी सिंचाई विभाग को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गंगा नदी में बढ़ती गंदगी का मामला अब जल शक्ति मंत्रालय तक पहुंच गया है। स्थानीय पार्षद की शिकायत के बाद नगर निगम हरिद्वार हरकत में आया है और यूपी सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर अपनी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है, ताकि गंगा तक आसान पहुंच बन सके और गंगा घाट की सफाई की जा सके। नगर निगम का कहना है कि अतिक्रमण के कारण सफाई कार्य बाधित हो रहा है, जिससे गंगा में लगातार कचरा गिर रहा है। जानकारी के अनुसार राजीव नगर और सोनिया बस्ती क्षेत्रों में गंगा किनारे अवैध बस्तियां बस गई हैं। इन बस्तियों से निकलने वाला घरेलू कचरा सीधे गंगा में फेंका जा रहा है, जिससे नदी प्रदूषित हो रही है। कई जगह घरों का वेस्ट वॉटर भी सीधे गंगा में डाला जा रहा है। नगर निगम के उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि कई स्थानों पर अतिक्रमण के चलते गंगा घाट तक पहुंचने का रास्ता ही नहीं बचा है। ऐसे में सफाई कर्मियों के लिए कचरा उठाना संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक अतिक्रमण नहीं हटाया जाता, तब तक गंगा घाटों की प्रभावी सफाई संभव नहीं है। इस संबंध में नगर निगम ने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। गौरतलब है कि गंगा की स्वच्छता को लेकर सरकार लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित कचरा प्रबंधन बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

# राजाजी नेशनल पार्क हत्याकांड का 48 घंटे में खुलासा, दो आरोपी गिफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली नगर क्षेत्र में राजाजी नेशनल पार्क में मिले लावारिस शव के सनसनीखेज हत्याकांड का नगर पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्होंने नशे और पैसों के लालच में एक अज्ञात व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।




हरिद्वार एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने शुक्रवार को मायापुर एसपी सिटी कार्यालय में प्रेस वार्ता का घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 14 अप्रैल 2026 को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा राजाजी नेशनल पार्क क्षेत्र में एक व्यक्ति के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पाने पर पुलिस ने स्वयं वादी बनकर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल नगर कोतवाल कुंदन सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर जल्द खुलासे के निर्देश दिए। उनके नेतृत्व में पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के गंगा घाटों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशन और अन्य स्थानों पर गहन पूछताछ की। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल सर्विलांस का भी सहारा लिया गया। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी नशे के आदी हैं और मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते, जिससे पुलिस के लिए चुनौती और बढ़ गई। इसके बावजूद पुलिस टीम ने सटीक रणनीति अपनाते हुए संदिग्धों की पहचान कर ली। शुक्रवार को शहर कोतवाल कुंदन सिंह राणा के नेतृत्व में गश्त एवं आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को हिल बाईपास फ्लाईओवर के पास दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें घेरकर पकड़ लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने हत्या की वारदात कबूल कर ली। नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपियों ने बताया कि 13 अप्रैल की रात शराब और गांजे के नशे में वे हरकी पैड़ी क्षेत्र में सो गए थे। अगले दिन मोतीचूर तिराहे के पास उन्होंने एक बाबा से बीड़ी मांगी। इसी दौरान बाबा के पास पैसे देखकर उनका लालच बढ़ गया। पैसे मांगने पर बाबा ने गाली देकर मना किया, जिससे गुस्से और लालच में आकर दोनों ने उसे सुनसान जगह पर ले जाकर पत्थरों से सिर कुचलकर हत्या कर दी और पैसे लेकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार उर्फ चिकना, इटावा और रोहित कुमार पटना को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, जिसकी पहचान के प्रयास जारी हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा, व.उनि. गोपाल दत्त भट्ट, उनि. नवीन नेगी, उनि. संजीत कण्डारी, उनि. विक्रम बिष्ट, उनि. प्रदीप कुमार, हे.का. सतीश नोटियाल, हे.का. सतेंद्र कुमार, हे.का. संजीव राणा, का. सुनील चौहान, का. रमेश चौहान, का. वसीम (सीयूआई) मौजूद रहे।

# समारोह पूर्वक मनाया आचार्य पुष्पराज का 97वां अवतरण दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित विश्व सद्भावना मंदिर के परमाध्यक्ष आचार्य स्वामी पारस मुनि के सानिध्य में ब्रह्मलीन आचार्य स्वामी पुष्पराज का 97वां अवतरण दिवस सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों और श्रद्धालु भक्तों के सानिध्य में समारोह पूर्वक मनाया गया। आचार्य स्वामी पारस मुनि ने कहा कि पूज्य गुरूदेव ब्रह्मलीन आचार्य स्वामी पुष्पराज त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें गुरू के रूप में आचार्य स्वामी पुष्पराज जैसे विद्वान संत का सानिध्य प्राप्त हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी आदि योगी पुरी ने कहा कि ब्रह्मलीन आचार्य स्वामी पुष्पराज विद्वान संत थे। उनके अवतरण दिवस पर सभी को उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए मानव कल्याण में योगदान का संकल्प लेना चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद पुरी एवं स्वामी नागेंद्र ने कहा कि ब्रह्मलीन आचार्य स्वामी पुष्पराज संत समाज के प्रेरणास्रोत थे। सनातन के प्रचार प्रसार में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। समारोह का संचालन करते हुए स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि ब्रह्मलीन आचार्य स्वामी पुष्पराज ने समाज को धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर करने के साथ मानव कल्याण में अहम भूमिका निभायी। दीपक जैन, सौरभ जैन, रोहित ननकानी, राजेंद्र मित्तल, डा.हितेश ने सभी संत महापुरूषों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामी आदि योगी पुरी, स्वामी सहजानंद पुरी, महंत साधनानंद, स्वामी कृष्णानंद, स्वामी नागेंद्र महाराज, स्वामी दिनेश दास, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत रामानंद सरस्वती आदि संत महापुरूष और चंदन ढींगरा, सुनील तनेजा, चंद्रबाला जैन, अनीता, शोभा, अमित वालिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।



# डेरी फार्म में आग लगने से चार मवेशियों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** हरिद्वार-ग्रामीण क्षेत्र के गांव मिस्सारपुर में बीती रात एक डेरी फार्म में आग लगने से चार मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। डेरी फार्म के मालिक ने आग लगाने का शक जताया है। मौके पर पहुँचे राजस्व लेखपाल व कनखल पुलिस ने डेरी फार्म का निरिक्षण किया। गुरुवार गांव मिस्सरपुर में अक्षय व आकाश ने एक डेरी फार्म है। जिसमे गुरुवार बीती रात अचानक आग लगने से चार गाय दूध देने वाली जलकर राख हो गई। जबकि तीन मवेशी बुरी तरह झुलसकर घायल हो गए है। सूचना पर पहुँची कनखल पुलिस व राजस्व निरक्षक हरविंदर सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज चौहान द्वारा डेरी फार्म का निकरक्षण किया गया, फार्म में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चौक की गई। पुलिस हर एंगल से जाँच करने में जुटी हुई है। डेरी फार्म के मालिक अक्षय व आकाश ने डेरी में आग लगाने का आरोप लगाया है।



राजस्व निरीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया डेरी फार्म में आग लगने की सूचना पर जांच की गई है। जिसमे चार दुधारू मवेशियों की मौत हो गई है। जबकि तीन मवेशी बुरी तरह झुलस गए हैं। मुवायजे कि लिए रिपोर्ट तैयार कर उपजिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी। जगजीतपुर चौकी प्रभारी सुधांशु कौशिक ने बताया डेरी फार्म में आग लगने से चार मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई है। तीन मवेशी घायल हुए है। आग लगने का क्या कारण रहा उसकी जांच की जा रही है। जल्द ही कारवाई अमल में लाई जाएगी।

# स्कूल संचालक ने शिक्षा विभाग से मांगी सुरक्षा, ब्लैकमेलिंग का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** क्षेत्र के अहमदपुर ग्रंट स्थित एक निजी विद्यालय के संचालक ने शिक्षा विभाग को प्रार्थना पत्र देकर एक व्यक्ति पर उधार के पैसों को लेकर ब्लैकमेल करने और स्कूल बंद कराने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम अहमन्दपुर बहादराबाद निवासी बाबूराम, जो एम.जी. पब्लिक स्कूल अहमदपुर ग्रंट का संचालन करते हैं, उन्होंने रोशनाबाद स्थित शिक्षा अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी जान-पहचान गांव तेलीवाला धनौरी निवासी राकेश कुमार पुत्र धन सिंह से हुई थी। इस दौरान विश्वास में लेकर राकेश ने उनसे अलग-अलग तिथियों में करीब एक लाख रुपये उधार लिए।

शिकायत में बताया गया है कि जब बाबूराम ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपित राकेश कुमार ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। आरोप है कि उसने शिक्षा विभाग में अपनी पहुंच होने का हवाला देते हुए स्कूल बंद कराने और झूठी शिकायतों में फंसाने की धमकी दी। साथ ही, बार-बार पैसे की मांग करते हुए ब्लैकमेल करने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपित ने स्कूल के खिलाफ झूठी शिकायतें करने और बदनाम करने की भी कोशिश की है। मामले में पूर्व में पुलिस को भी शिकायत दी जा चुकी है, जिस पर कार्रवाई लंबित बताई जा रही है। स्कूल संचालक ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि उनके विद्यालय से संबंधित यदि कोई आरटीआई आवेदन आता है तो उसे बिना सत्यापन के उपलब्ध न कराया जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानियों से बचाया जा सके। फिलहाल मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और पीड़ित ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लाल पुल के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर जिला अस्पताल भिजवा दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम को पुलिस को सूचना मिली थी कि लाल पुल के पास एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की उम्र लगभग 65 वर्ष के आसपास है।

पुलिस ने मृतक की तलाशी भी ली, लेकिन उनके पास से ऐसा कोई दस्तावेज या पहचान पत्र नहीं मिला जिससे उनकी पहचान हो सके।

# खेत में जा रहे युवक के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव बोड़ाहेड़ी निवासी एक महिला ने कुछ युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में आरोप लगाया है कि मेरा बेटा खेत घर आ रहा था रास्ते मे कुछ युवकों ने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की ओर उसका मोबाइल पानी मे गिरा दिया जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार खुशनुदा पत्नी मुनसब निवासी बोड़ाहेड़ी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसका बेटा 15 अप्रेल सुबह अपने खेत से घर आ रहा था रास्ते मे गांव के ही रहने वाले आवेश के साथ बोलचाल हो गई। इस दौरान आवेश ने अपने दो और साथी साकिब, समद पुत्र इरसाद व जमशेद पुत्र मुस्ताक सभी निवासी गण बोड़ाहेड़ी के साथ मिलकर मेरे बेटे वाजिद के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की है। बाद में वाजिद का फोन ओप्पो ।59 पानी में डाल दिया जिससे मेरे बेटे का मोबाइल खराब हो गया और जाते-जाते मेरे बेटे व परिवार को जान से मारने की धमकी देकर गए। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अनीता गोयल व अनीता रानी गोयल है। दोनों नाम मेरे ही है किसी अन्य व्यक्ति के नहीं है। अनीता गोयल व अनीता रानी गोयल पत्नी महेश गोयल निवासी मौ0 लक्कड़हरान ज्वालापुर हरिद्वार।

# मूल्य नियंत्रण व लाइसेंस सत्यापन को लेकर मंडी सचिव ने दिए निर्देश

## सस्ती दरों पर फल-सब्जी उपलब्ध कराने को लगाए जाएगे 5 फुटकर काउंटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कृषि उत्पादन मंडी समिति हरिद्वार में फुटकर व्यापारियों द्वारा मनमाने दाम वसूले जाने और लाइसेंसिंग व्यवस्था में लापरवाही पर अब प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। मंडी सचिव लवकेश गिरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मूल्य नियंत्रण और व्यापारियों के लाइसेंस सत्यापन को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए।

मंडी सचिव लवकेश गिरी ने कहा कि मंडी परिषद के निर्देशानुसार आम उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर फल-सब्जी उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके तहत मंडी परिसर में पांच फुटकर काउंटर स्थापित किए जाएंगे, जहां थोक दरों पर न्यूनतम मुनाफा जोड़कर ही खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडी क्षेत्र में फल-सब्जी और खाद्यान्न का फुटकर व्यापार करने वाले सभी व्यापारी चाहे वे रेहड़ी, ठेली या दुकान संचालक हों, उनके लाइसेंस की सघन जांच की जाए। बिना लाइसेंस पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उनका लाइसेंस जारी कराया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि फुटकर मूल्य थोक दरों के अनुरूप ही हों, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी व्यापारियों को अपनी दुकानों और ठेलों पर प्रतिदिन मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। मंडी प्रशासन का मानना है कि इस कदम से उपभोक्ताओं को बढ़ती महंगाई के बीच राहत मिलेगी और अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा। व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मंडी स्तर पर तीन सचल दल गठित किए गए हैं, जो प्रतिदिन क्षेत्र में निरीक्षण करेंगे और अपनी रिपोर्ट मंडी सचिव को सौंपेंगे। बैठक में मंडी इंस्पेक्टर वर्षा गुप्ता, शिवमूर्ति सिंह, जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार, अजय कुमार, राजीव कुमार, आशीष कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कुख्यात गैंग लीडर सहित तीन गैंगस्टरों को दबोच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत ताबड़तोड़ कार्रवाई से गैंगस्टरों में खौफ का माहौल है। इसी क्रम में पथरी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात गैंग लीडर सहित तीन गैंगस्टरों को दबोच लिया। पुलिस तीनो आरोपियो को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गुरुवार को ऑपरेशन प्रहार के तहत पथरी पुलिस ने अपराधियों, नशा तस्करों और गैंगस्टरों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस लगातार सघन चेकिंग और दबिश देकर आपराधिक तत्वों की कमर तोड़ने में जुटी है। मुखबिर की सूचना पर रोह नदी पुल के पास मौजूद तीन संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस को देख तीनों भागने लगे। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी कर तीनों को मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि पकड़े गए तीनों आरोपी एक आपराधिक गैंग से जुड़े हैं, जिसमें भूरा उर्फ बबलू गैंग का लीडर है। व इखलाक पुत्र निसार, राशिद पुत्र नजीर निवासी इब्राहिमपुर बताए आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह पुलिस मुठभेड़ के बाद जेल जा चुका है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया गया है। शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया चेकिंग के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनके खिलाफ पूर्व में भी मुकदमा दर्ज थे तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# स्मैक के साथ मेरठ का युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 7.92 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। कनखल थाना वरिष्ठ उप निरीक्षक अनुज सिंह ने बताया कि चैकिंग के दौरान गुरुवार को एक युवक को स्मैक की तस्करी करते हुए पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शंकर, निवासी शास्त्री नगर, जिला मेरठ (यूपी) के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 7.92 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गंभीर सिंह तोमर, अतिरिक्त उपनिरीक्षक ललित मोहन अधिकारी, कां. प्रलव चौहान शामिल रहे।

**सूचना**

मेरा मजला पुत्र मंयक मेरे कहने सुनने में नहीं है इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में मंयक के किसी भी कृत्य कार्यों व लेने-देने का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। प्रमोद कुमार पुत्र श्री विजय पाल, निवासी ग्राम रावली महदूद, थाना सिडकुल, जिला हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर नहीं होगा बीमार पशुओं का संचालन



■ डीएम विशाल मिश्रा ने दिए अधिकारियों को सख्त निर्देश
■ पैदल यात्रा मार्ग पर तैनात किए जाने वाले सेक्टर मजिस्ट्रेटों की ली बैठक
■ केदारनाथ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ धाम यात्रा के सफल संचालन एवं केदारघाटी में आपदा न्यूनीकरण और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने पैदल यात्रा मार्ग पर तैनात किए जाने वाले सेक्टर एवं सहायक सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने पैदल मार्ग पर कूड़ा प्रबंधन को प्रभावी बनाने, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुचारू रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग पर संचालित घोड़े-खच्चरों के संबंध में भी सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की पशु क्रूरता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीमार या अस्वस्थ पशुओं के संच. ालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। आपदा प्रबंधन को लेकर भी जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी रजत सुमन, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत सहित पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी तथा सेक्टर व सहायक सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने केमिकल और तेल घोटाले को लेकर किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

विकासनगर। हरबर्टपुर नगर पालिका परिषद में हुए केमिकल घोटाला तेल घोटाला व अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस कमेटी हरबर्टपुर के अध्यक्ष आशीष पुंडीर वह सभासद मोहन राठौर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने जांच की मांग को लेकर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से एसडीएम विकासनगर को ज्ञापन प्रेषित किया।

एसडीएम को प्रेषित ज्ञापन में प्रदेश सचिव विकास शर्मा और पीसीसी मेंबर संजय जैन ने कहा हरबर्टपुर में जिस प्रकार से सूचना के अधिकार वर्तमान सभासदों द्वारा यह घोटाला खोला गया है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी मजिस्ट्रेट जांच होनी चाहिए और जब तक जांच नहीं होती अध्यक्ष के वित्तीय अधिकारों पर रोक लगनी चाहिए। आज के प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष संजय किशोर, ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, हरबर्टपुर अध्यक्ष आशीष पुंडीर, कांग्रेस के जिला महामंत्री राजीव शर्मा, सभासद मोहन राठौर, पूर्व सभासद पम्मी देवी, समाजसेवी नीरज रोहिल्ला, जितेंद्र रावत, दानिश खान, संदीप सैनी, मनीष शर्मा, विनय जायसवाल, असद, आरती, जगमाल चौधरी, शोएब, रामदयाल, ईलम चंद मुल्तानी, सुनील तोमर, मनोज चौहान, दिनेश भारद्वाज, सायरा बानो, रीता कश्यप, निशा खातून, हरिश्चंद्र ध्यानी, डीके बनर्जी, सुरेंद्र शर्मा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हर्ष गुरुंग, बलवीर सिंह, कमला बहुगुणा, योगंबर, नईम अहमद, क्षितिज वर्मा, समून अहमद, महबूब अली आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिवालिक एकेडमी के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

विकासनगर। शिवालिक एकेडमी के कक्षा 9 के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अशोका रॉक एडिक्ट, कालसी तथा अश्वमेध यज्ञ हवन कुंड जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास और संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना तथा उनके ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव के माध्यम से समृद्ध करना था।

विद्यार्थियों ने सम्राट अशोका के समय के अशोका रॉक, अशोक के शिलालेखों के बारे में जाना, जिनमें शांति, नैतिकता और सुशासन का संदेश निहित है। इस स्थल ने विद्यार्थियों को यह समझने में सहायता की कि प्राचीन काल में शासक अपने विचारों को जनता तक किस प्रकार पहुँचाते थे। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अश्वमेध यज्ञ हवन कुंड का भ्रमण किया, जहाँ उन्हें प्राचीन वैदिक परंपराओं एवं अनुष्ठानों के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षकों ने अश्वमेध यज्ञ के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को सरल भाषा में समझाया।

यह भ्रमण विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की शिक्षक मेघा, उमा पुंडीर एवं रंजन उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर कीर्तिनगर लोनिवि में की तालाबंदी




कीर्तिनगर में मोटरमार्ग की मांग को लेकर रैली निकालते हुए ग्रामीण।

■ लम्बे समय मोटरमार्ग की मांग कर थे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के पट्टी बडियारगढ़ के नौड़ा-चोनी-धौलियाणा से तेगड़ मोटर मार्ग, छाम से खल्याणी मोटर मार्ग एवं धौड़गी से धबधार मोटर मार्ग निर्माण पर वर्षों से वित्तीय स्वीकृति न मिलने पर ग्रामीणों ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर पहुंचकर तालाबंदी की। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रताप भंडारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी कीर्तिनगर कार्यालय में तालाबंदी कर कीर्तिनगर मुख्य बाजार से तहसील कीर्तिनगर तक आक्रोश रैली निकाली। इस मौके पर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन भी किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि मोटरमार्ग का सुख न मिलने से उनकों कई किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। जिससे बुजूर्गों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सदस्य डॉ. प्रताप भंडारी ने कहा कि बडियारगढ़ के नौड़ा-चोनी-धौलियाणा से तेगड़ मोटर मार्ग, छाम से खल्याणी मोटर मार्ग एवं धौड़गी से धबधार मोटर मार्ग के स्वीकृति की मांग को लेकर स्थानीय जनता एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही है, किन्तु उपरोक्त सड़कों पर वर्षों से कागजी कार्यवाही ही चल रही है और कई बार सर्वे किए जा चुके हैं तभी भी निर्माण कार्य की शुरूआत अभी तक नहीं हुई है। कहा कि नौड़ा-चोनी-धौलियाणा से तेगड़ मोटर मार्ग के निर्माण पर वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की घोषणा के बावजूद अभी तक वित्तीय स्वीकृति नहीं मिल पाई है। साथ ही छाम से खल्याणी एवं धोड़ंगी से धबधार मोटर मार्ग की मांग भी वर्षों से फाइलों में लटकी पड़ी हैं। कहा कि गावों के लिए सड़क मार्ग न होने के कारण जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और महिला को प्रसव पीड़ा के चलते अस्पताल ले जाते समय बीच जंगल में ही महिला ने बच्चे को जन्म दिया। उन्होने जल्द से उक्त मोटरमार्गों में वित्तीय स्वीकृति दिए जाने के साथ ही निर्माण कार्य शुरू करवाएं जाने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए उपजिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक ली। भंडारी ने बताया कि मोटरमार्गों से सम्बंधित समस्याओं पर सकारात्मक आश्वसन मिलने के बाद ग्रामीणों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया है।

# जौनसार-बावर में बिस्सू मेले की धूम, परंपरा और आस्था का संगम

■ मेले में लोक संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिल रही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर/चकराता।** देहरादून जनपद के जौनसार-बावर क्षेत्र में इन दिनों बिस्सू मेले की रौनक चरम पर है। क्षेत्र के चार प्रमुख त्योहारों में शामिल बिस्सू पर्व को हर साल बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। मेले में लोक संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिल रही है।

ढोल-दमाऊं की गूंज और पारंपरिक वेशभूषा में सजे ग्रामीणों की मौजूदगी ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में महासू महाराज शीरगुल महाराज शेडकुडिया महाराज के दरबार में पहुंचकर मत्था टेक रहे हैं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। मेले में लोक संस्कृति की समृद्ध विरासत भी पूरी शान के साथ नजर आ रही है। हारुल, तांदी, झैता और रासो जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। खास आकर्षण का केंद्र रहा ठोड़ा नृत्य, जिसमें कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में पांडवकालीन युद्ध कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

बिस्सू मेला नई फसल के स्वागत, धान्य संग्रह और इष्ट देवताओं की पूजा से जुड़ा हुआ है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जौनसार-बावर की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक भी है। क्षेत्र के 39 खतों में इस पर्व को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, वहीं युवाओं में भी इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

स्थानीय महिला आस्था शर्मा का कहना है कि जौनसार बावर क्षेत्र की संस्कृति अनूठी संस्कृति है यहां पर बिससु पर्व को बड़े ही उत्साह उल्लास से मनाया जाता है विवाहित लड़कियों को माइके वालों की तरफ से बांटे के रूप में जो पकवान बनाए जाते हैं वो लाया जाता है इस त्योहार में बहुत ज्यादा उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय निवासी मुन्ना सिंह चौहान का कहना है कि जौनसार बावर क्षेत्र से सामने आई तस्वीरें सिर्फ एक मेले की नहीं, बल्कि उस सदियों पुरानी परंपरा की गवाही दे रही हैं, जो आज भी पूरे गौरव और जीवंतता के साथ आगे बढ़ रही है। बिस्सू मेला जौनसार-बावर की पहचान है, जो हर साल लोगों को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए संस्कृति को संजोए रखने का संदेश देता है।

रवि तोमर चदोंउ का कहना है कि जौनसार बावर क्षेत्र की संस्कृति पौराणिक संस्कृति है यहां पर बिससु पर्व पर ठोउठा नृत्य एक पौराणिक संस्कृति का एक मुख्य नृत्य है जिसमें धनुष बाण के साथ खेलते हैं और साथ में नृत्य करते हैं जिसको देखने में बहुत ज्यादा उत्साह आता है।

# खुशहालपुर में कब्रिस्तान की 55 बीघा भूमि खुर्द बुर्द कर कराए जा रहे निजी कार्य : खालिद



■ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा, जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष खालिद मंसूरी ने वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स को ज्ञापन सौंपकर ग्राम सभा खुशहालपुर में कब्रिस्तान की भूमि को खुर्द बुर्द किए जाने की शिकायत की है। उन्होंने वक्फ बोर्ड अध्यक्ष से कब्रिस्तान की भूमि की जांच करा कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

जिलाध्यक्ष खालिद मंसूरी ने वक्फ बोर्ड अध्यक्ष को सौंपे ज्ञापन में अवगत कराया कि ग्राम सभा खुशहालपुर में वक्फ बोर्ड में दर्ज कब्रिस्तान की लगभग 55 बीघा भूमि को खुर्द बुर्द कर निजि कार्य कराए जा रहे हैं जोकि वक्फ संपत्ति पर अवैध अतिक्रमण की जद में आता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने अवगत कराया कि उक्त भूमि वक्फ संख्या 250 व वक्फ संख्या 380, 282, 379 पर दर्ज है। खालिद मंसूरी ने ग्राम खुशहालपुर के ग्रामीणों द्वारा अवगत कराई गई वक्फ संख्या 250, 380, 282, 379 की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही कराने की मांग की है।

अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष खालिद मंसूरी की शिकायत पर खुशहालपुर में वक्फ संपत्ति गायब होने पर वक्फ बोर्ड चेयरमैन शादाब शम्स ने तत्काल जांच के आदेश दिए है। उन्होने कहा कि किसी कीमत पर वक्फ माफियाओं को नहीं छोड़ेंगे।

# सड़क निर्माण को लेकर जखंड में ग्रामीणों का अनशन जारी

■ गांव न पहुंचने पर ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के जखंड गांव में सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए ग्रामीणों ने शुक्रवार को क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जोरदार नारेबाजी की। साथ ही कीर्तिनगर ब्लॉक प्रमुख अचला खण्डेवाल के खिलाफ भी रोष व्यक्त किया। कहा कि जब से अचला खण्डेवाल ब्लॉक प्रमुख बनी है तब से अभी तक गांव नहीं पहुंची है। कहा कि यदि ब्लॉक प्रमुख अचला खण्डेवाल किसी भी सामाजिक कार्यों और राजनीतिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी तो उसका विरोध किया जायेगा। मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जखण्ड दिनेश लाल, गैणा मिस्त्री, दिनेश लाल, भीम दास, वचन दास, गैरी चरण क्रमिक अनशन पर बैठे। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि बीते लम्बे समय से ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए मांग करते आ रहें है, लेकिन अधिकारी ग्रामीणों को गुमराह करने का प्रयास कर रहें है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने आंदोलन के लिए बाध्य है। इस मौके पर पूर्व जिला संदस्य महिपाल सिंह बुटोला, मंगल दास, दिनेश लाल, गैणा मिस्त्री, दिनेश लाल, भीम दास, वचन दास ने कहा कि 15 वर्षों से जखण्ड जैधार अनु बस्ती से गुसांई कटला से बासखोली से सैणाधल्ड़ा मैखण्डी नगेला देवता तक मोटरमार्ग का निर्माण किए जाने और जखण्ड से भराड़ीधार अनुबस्ती कुलाखेता तक मोटरमार्ग का निर्माण कार्य किए जाने की मांग की जा रही है, लेकिन शासन-प्रशासन ने कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई है।

# पारंपरिक वस्तुएं, लोक वाद्य यंत्र व ऐतिहासिक धरोहर विलुप्त होने पर जताई चिंता



■ औचक निरीक्षण में स्वच्छता पर जताई नाराजगी, आभा आईडी सेवा बंद मिलने पर दिए कड़े निर्देश,केदारनाथ यात्रा को देखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मजबूत करने के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार-बावर क्षेत्र की समृद्ध एवं विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर चकराता में 'राजकीय जनजातीय सांस्कृतिक संग्रहालय एवं शोध संस्थान' की स्थापना की मांग को बल मिला है। इस संबंध में क्षेत्र की जनता की ओर से संजय तोमर प्रदेश मीडिया प्रभारी, भाजपा युवा मोर्चा उत्तराखंड द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में अवगत कराया गया कि जौनसार-बावर क्षेत्र अपनी पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों, रीति-रिवाजों एवं विशिष्ट सामा. जिक संरचना के लिए देश-विदेश में अपनी अलग पहचान रखता है। किंतु वर्तमान समय में पारंपरिक वस्तुएं, कृषि उपकरण, लोक वाद्य यंत्र एवं ऐतिहासिक धरोहर धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं। संजय तोमर ने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए क्षेत्र की जनता की भावनाओं को प्रमुखता से उठाते हुए चकराता में एक आधुनिक 'डिजिटल जनजातीय संग्रहालय' की स्थापना का प्रस्ताव रखा, जिससे इन अमूल्य धरोहरों का संरक्षण एवं प्रदर्शन राष्ट्रीय एवं अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर किया जा सके।

साथ ही, क्षेत्र की पारंपरिक प्रथाओं, लोक पर्वों जैसे 'जागड़ा' एवं 'बिस्सू' तथा स्थानीय बोलियों के अध्ययन हेतु एक शोध संस्थान स्थापित करने की भी मांग की गई, जिससे देश-विदेश के शोधार्थियों को अध्ययन का अवसर प्राप्त हो सके। इस पहल से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलेगा तथा चकराता आने वाले पर्यटकों को क्षेत्र की जीवंत संस्कृति से परिचित होने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे सांस्कृतिक पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रस्तावित संस्थान नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा क्षेत्रीय पहचान को सुदृढ़ करेगा।

संजय तोमर ने मुख्यमंत्री से इस महत्वपूर्ण विषय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए संबंधित विभाग को विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने हेतु निर्देशित करने का आग्रह किया।

# मद्महेश्वर घाटी में चीड़ के वृक्षों का अवैध पातन



■ हरकत में आया वन विभाग, स्थानीय लोगों में आक्रोश,
■ दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** मद्महेश्वर घाटी स्थित राजकीय इण्टर कालेज राउलैंक परिसर सहित मोटरमार्ग के एक हिस्से में चीड़ के हरे-भरे वृक्षों के अवैध पातन का मामला प्रकाश में आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग रुद्रप्रयाग की गुप्तकाशी यूनिट टीम मौके के लिए रवाना हुई। मामले को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है और उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकीय इण्टर कालेज राऊलैंक परिसर और उससे सटे ऊखीमठ-रांसी मोटर मार्ग के किनारे खड़े कई चीड़ के पेड़ों को अवैध रूप से काट दिया गया है। इन वृक्षों का पातन बिना किसी वैधानिक अनुमति के किया गया है, जिससे पूरे मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि दिनदहाड़े इस प्रकार पेड़ों का कटान होना प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संबंधित क्षेत्र में वृक्षों के कटान की किसी प्रकार की अनुमति जारी नहीं की गई है। विभाग के अनुसार यह पूरी तरह अवैध कृत्य है और इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है।

घटना के बाद वन विभाग भी सवालों के घेरे में आ गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही के चलते ही इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। उनका कहना है कि यदि समय-समय पर निगरानी की जाती, तो इस प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोका जा सकता था। पर्यावरणविदों ने भी इस घटना पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि चीड़ जैसे बहुमूल्य और पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण वृक्षों का इस तरह कटान न केवल पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को भी प्रभावित करता है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के साथ-साथ भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। वन विभाग के उच्चाधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि वे किसी भी

# सुभारती अस्पताल ने यूईएसएल के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

■ पूर्व सैनिक और उनके परिजनों को सीजीएचएस की निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी चिकित्सा सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** के.के.बी.एम. सुभारती अस्पताल, झाझरा द्वारा समाज सेवा एवं राष्ट्रसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग (यूईएसएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया

इस समझौते के माध्यम से पूर्व सैनिकों एवं सेवारत सशस्त्र बल कर्मियों के गैर-निर्भर परिजनों को सुभारती अस्पताल में केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की निर्धारित दरों पर चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर यूईएसएल की ओर से मेजर जनरल एम. एल. असवाल (अध्यक्ष) एवं कर्नल अमित वीर पंडिया (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) तथा सुभारती अस्पताल की ओर से डॉ. (कर्नल) भगवंत सिंह पिलखवाल (अतिरिक्त निदेशक अस्पताल संचालन) एवं डॉ. (लेफ्टिनेंट कर्नल) राहुल शुक्ला (चिकित्सा अधीक्षक) ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।यह समझौता-ज्ञापन को हस्ताक्षरित कराने में सुभारती अस्पताल की टीम से डॉ. लोकेश त्यागी, डॉ. प्रशांत कुमार भटनागर एवं डॉ. ज्योति जयपाल चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वालों में रितेश श्रीवास्तव तथा रवि मित्तल का विशेष योगदान रहा। इस समझौते के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अस्पताल में बाह्य रोगी विभाग एवं आंत. रिक रोगी विभाग की सेवाएं, विभिन्न जांच एवं निदान सुविधाएं, तथा विभिन्न प्रकार के चिकित्सा एवं शल्य उपचार (कैंसर उपचार सहित) उपलब्ध कराए जाएंगे।

